राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org


पत्रांक– 387/241/NULM/तीन/2001(SEP)TC दिनांक 26-5-16

समयबद्ध/महत्वपूर्ण/अनिवार्य

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण
   डूडा, उ0प्र0।
2. समस्त सिटी प्रोजेक्ट आफिसर/परियोजना निदेशक
   जिला नगरीय विकास अभिकरण/शहर मिशन प्रबन्धन इकाई,
   उ0प्र0।

विषयः– DAY–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्व रोजगार कार्यक्रम (SEP) के अन्तर्गत लाभार्थियों को ऋण प्रदान करने हेतु ऋण पखवारा (01जून से 15 जून 2016) आयोजन के संबंध में।

महोदया/महोदय,

DAY-NULM के घटक SEP के अन्तर्गत लक्ष्यों का शहरवार आवंटन पत्रांक–313/241/NULM/TEEN/2001(SEP), दिनांक 25.04.2016 द्वारा किया जा चुका है। उक्त पत्र के माध्यम से यह भी निर्देशित किया गया है कि बैंकवार लक्ष्यों का आवंटन करते हुए उसे DLBC एवं SULM, UP को शीघ्र उपलब्ध कराया जाये। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2016–17 की अंतिम तिमाही(दिसम्बर 2016) तक सभी लक्ष्यों की पूर्ति करने हेतु रणनीति बना कर कार्य किया जाये।

उपरोक्तानुसार लक्ष्यों की पूर्ति हेतु आवश्यक हो जाता है कि शहरी गरीबों को SEP के अन्तर्गत व्यक्तिगत/समूह में ऋण उपलब्ध कराने हेतु 01 जून से 15 जून 2016 के मध्य ऋण पखवारे का आयोजन किया जाये। इस ऋण पखवारे में स्लमों में, शहरी आजीविका केन्द्र में, कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों में, स्वयं सहायता समूहों में, शहरी पथ विकेताओं में SEP ऋण उपलब्ध कराने हेतु बैठक, मेले का आयोजन किया जाये, जिसमें STP, RO, CLC, स्थानीय पार्षदो, स्थानीय नगर निकाय(ULB), लीड बैंक मैनेजर, स्थानीय बैंकों, समुदाय आधारित संगठनो(CBO), ऑगनबाड़ी इत्यादि स्टेकहोल्डरों का सहयोग लिया जाये। STP द्वारा SEP के अन्तर्गत सेवायोजित किये जाने वाले प्रशिक्षणार्थियों हेतु सभी कार्यवाही STP द्वारा सम्पादित की जायेगी।

उपरोक्त ऋण पखवारे में योजना के नाम सहित ऋण के संबंध में बैनर(5X3) आवश्यक रूप से लगाया जाये। आयोजित की जाने वाली उक्त बैठकों को एवं मेलों में SEP के फार्म अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो और उनको भरने में लाभार्थियों की मदद स्टेकहोल्डरों द्वारा प्रदान की जाये। उक्त आयोजन के पश्चात CMMU/DUDA द्वारा SEP के लक्ष्य के सापेक्ष ऋण पखवारे के प्रगति की रिपोर्ट SULM को प्रस्तुत की जायेगी। जिसमें फोटो सहित स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिये कि कितनी बैठकों एवं मेला का आयोजन किया गया और किन–किन स्टेकहोल्डर का सहयोग लिया गया। लक्ष्य के सापेक्ष कितने ऋण आवेदन प्राप्त हुए और कितने बैंकों को भेजे गये।

उपरोक्तानुसार समयबद्ध तरीके से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी, डूडा उ0प्र0।
3. समस्त सिटी मिशन मैनेजर, शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, उ0प्र0।
4. सहायक वेबमास्टर, सूडा उ0प्र0 को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक